तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 26 जनवरी 2025

15 पिछले साल की धान खरीदी का टूटा रिकार्ड आंकड़ा...



16 यज्ञ में दी हुई आहुति से देवता पुष्ट होते हैं यज्ञकर्ताओं...





## खबर संक्षेप

### जिला मुख्यालय में विधायक ललित चंद्राकर फहराएंगे राष्ट्रध्वज तिरंगा

**बालोद।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर 26 जनवरी को स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विधायक श्री चन्द्राकर सुबह 09 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वज फहराएंगे।उसके बाद प्रातः 09:10 बजे परेड का निरीक्षण, 09:20 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी का जनता के नाम संदेश का वाचन, 09:35 बजे हर्ष फायर, 09:40 बजे गुब्बारा उड़ान, 09:45 बजे मार्चपास्ट, 09:50 बजे परेड एवं प्लाटून कमाण्डर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से भेंट एवं शहीद परिवारों का सम्मान होगा। प्रातः 10 बजे विद्यालयीन बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10:30 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की झाँकी का प्रदर्शन होगा। 11:10 बजे जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का सम्मान एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया जाएगा।

### ग्राम चौरेल में माघी पुन्नी मेला महोत्सव 10 फरवरी से

**बालोद।** न्यास श्री गौरेया सिद्ध शक्ति पीठ एवं ग्रामवासी चौरेल द्वारा गौरैया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। इसके तहत अमृत स्नान एवं रूद्राभिषेक का आयोजन 12 फरवरी को प्रातः 4 बजे से किया गया है। संगीतमय हरिकीर्तन श्री महेश्वरानंद महराज का कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से किया गया है। 11 फरवरी को छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच सुर झंकार का कार्यक्रम रखा गया है। बताया जाता है कि प्राचीन एवं ऐतिहासिक तीर्थ गौरेया धाम 1100 वर्ष पुराना है, जिसका निर्माण हैहयवंशी राजाओं द्वारा कराया गया है। यहां 9वीं से 11वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं। यहां प्रति वर्ष गौरेया माघी पुन्नी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लोग तांदुला नदी, जुझारा एवं सूखा नाला के पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाते हैं।

### ग्राम बोड़रा में कबड्डी प्रतियोगिता 29 को

**गुरूर।** ग्राम बोड़रा में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन युवा पलटन कबड्डी क्लब एवं ग्रामवासी द्वारा 29 जनवरी को किया गया है।
प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 4001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। इसके साथ ही बेस्ट ऑलराउडर, बेस्ट डिफेंटर, बेस्ट रेडर के लिए 251 रूपये का पुरस्कार रखा गया है। प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी में समिति के सत्यवान निशाद, रविशंकर निशाद, अतिम साहू, तरूण साहू, जयंत, युवराज, रितीक रोशन, उमाकांत, प्रवीन, अमन, रघुवीर, करण, लोकेन्द्र, बालकृष्ण, मयंक सिन्हा, एकलव्य, बालकृष्ण आशीष सहित अन्य ग्रामीण लगे हुए हैं।

### ग्राम धोबनपुरी में श्री शिव महापुराण कथा 25 फरवरी से

**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 25 फरवरी से 01 मार्च तक किया गया है। कथावाचक पंडित अशोक कृष्ण शर्मा होंगे। कथा परायण पूजन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक व कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगी। कार्यक्रम की शुरुआत 25 फरवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन, शिव महात्तम कथा के साथ होगी। 26 फरवरी को हिमालय प्रसंग प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक होगी। 27 फरवरी को महादेव चरित्र, 28 को शिव-पार्वती विवाह, 29 को द्वादशलिंग कथा, हवन पूजन, भण्डारा का आयोजन किया जाएगा।

# सैनिक ग्राम नेवारी खुर्द के 61 युवा सेना में दे रहे सेवा, मातृभूमि की रक्षा करते 5 जवानों ने दी शहादत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में अनेक ऐसे गाँव हैं, जहाँ के वीर सपूत देश सेवा में अपनी जान देने को तैयार हैं, ऐसा ही एक गाँव नेवारी खुर्द है, जहाँ के प्रत्येक घरों में सैनिक हैं, जहाँ के अनेक युवा देश की सेवा में सैनिक बनकर देश के विभिन्न सीमा क्षेत्रों में देश की रक्षा कर रहे हैं। ग्राम नेवारी खुर्द के 61 से ज्यादा युवा सैनिक बनकर देश की सेवा में लगे हैं। ग्राम के 5 सैनिक देश की सेवा करते हुए शहीद हो चुके हैं। ऐसा ही एक गांव जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम नेवारी खुर्द है, जो सैनिक ग्राम के नाम से प्रसिद्ध है। इस गाँव में लगभग 170 परिवार निवास करते हैं, जिनकी आबादी लगभग 800 है। इनमें से 130 से ज्यादा परिवार के लोग प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। ग्रामीण राजेंद्र निषाद, दीपक निषाद ने बताया कि ग्राम नेवारी खुर्द के 61 से ज्यादा युवा सैनिक बनकर देश की सेवा में लगे हैं जिसमें अब 7 सैनिक रिटायर्ड हो चुके हैं। इस गाँव के अधिकांश युवा तांदुला नदी की रेत पर कड़ी मेहनत कर सैनिक बने हैं। जिले में नेवारी खुर्द गाँव को जिलेवासी सैनिक ग्राम के नाम से जानते हैं, जिसकी जिले में एक अलग पहचान बन गई है। नेवारीखुर्द गाँव में इन सैनिकों ने स्वावलंबन का परिचय देते हुए शासन प्रशासन से मुख्य द्वार की अपेक्षा नहीं की, बल्कि इस गाँव के सैनिकों द्वारा लाखों की लागत से मुख्य गेट बनाया गया है, जिसे सैनिकों के सम्मान में टैंक और मशाल से सजाया गया है, जो गाँव को सैनिक ग्राम से गौरवान्वित करता है।

## लगभग 800 है 170 परिवार वाले इस गांव की आबादी

### पैरी के 75 जवान दे रहे सेना में सेवा

इसी तरह, बालोद जिले का एक अन्य ग्राम पैरी सैनिक ग्राम के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। यहां के 75 जवान वर्तमान में विभिन्न बलों में काम करते हुए देश की सेवा कर रहे हैं। इन जवानों की सेवा को यादगार बनाने व आसपास के शहीद जवानों की स्मृति को याद रखने के लिए यहां पर एक स्मृति स्थल भी बनाया गया है।




### विभिन्न विभागों में सेवा दे रहे कई ग्रामीण

वहीं, इस गाँव में 61 से ज्यादा सैनिक देश के अलग-अलग हिस्से में अपनी सेवा दे रहे हैं, जो इस गाँव और परिवार के लिए गौरव की बात है। इस गाँव में सैनिकों के अलावा भी अधिकतर लोग प्रशासनिक सेवा में कार्यरत हैं। यहां 25 से ज्यादा शिक्षक हैं, 4 से 5 लोग पटवारी पद पर कार्यरत हैं और रेलवे विभाग में भी 4 से ज्यादा लोग हैं तथा बीएसपी में 25 से ज्यादा इस गाँव के लोग सेवा दे रहे हैं, जो गाँव के लिए गौरव का विषय है।

**आयोजन :** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर परप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने किया प्रेरित

# लोकतंत्र को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में 25 जनवरी को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि बालोद जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न थे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत देश के प्रत्येक नागरिकों को शासन व्यवस्था के संचालन में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु मताधिकार के रूप में महत्वपूर्ण अस्त्र प्रदान किया गया है। नवरत्न ने कहा कि प्रत्येक मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त एवं सुदृढ़ बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए।

इस अवसर पर उन्होंने देश के प्रत्येक नागरिकों को 18 वर्ष की आयु पूरा करने के उपरांत मिलने वाले मताधिकार के अलावा अन्य अधिकारों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शासन, सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उनके नियंत्रण हेतु मताधिकार के रूप में देश के प्रत्येक नागरिकों को ब्रह्मास्त्र मिला है। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को आगामी नगरीय ▶▶| शेष पेज 15 पर






### नये मतदाताओं को प्रदान किया गया मतदाता पहचान पत्र

इस अवसर पर अतिथियों ने 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले नये मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र प्रदान कर तथा मतदाता जागरूकता के कार्य एवं निर्वाचन के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी–कर्मचारियों, बीएलओ आदि को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल में लगाए गए ईव्हीएम डेमोंस्ट्रेशन के कार्य का भी अवलोकन किया।

### मतदान हमारे अधिकार के साथ–साथ कर्तव्य भी है



इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए तथा देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले देश के प्रत्येक नागरिकों को मतदान का अधिकार के साथ–साथ कर्तव्य भी जुड़ा हुआ है। इसलिए हम सभी मतदाताओं को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का प्रतिवेदन वाचन उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने किया।

### सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

झलमला से बालोद मुख्य मार्ग पर गंगा मैया मंदिर झलमला के पास गुरुवार की सुबह कार और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए थे और दोनों युवक का पैर फैक्चर हो गया था। उनमें से एक युवक निकेश साहू 22 वर्ष की शनिवार को रायपुर के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, दूसरे युवक छत्रपाल देवदास 24 वर्ष का बालोद के अस्पताल में इलाज जारी है।



दोनों युवक ग्राम अंगारी निवासी बताए जा रहे हैं। बता दें कि दोनों युवक गुरुवार को बाइक क्रमांक सीजी 24 वी 5340 से बालोद से झलमला की ओर जा रहे थे। वहीं, कार क्रमांक सीजी 04 एनवी 8287 दुर्ग से बालोद की ओर जा रही थी, तभी गंगा मैया मंदिर के पास दोनों में भिड़ंत हो गई। कार और बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इस मामले में कोतवाली थाना में छत्रपाल देवदास के पिता की रिपोर्ट पर कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है।

# अभाविप ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अर्जुन्दा नगर इकाई द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर ईकाई अर्जुन्दा द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 500 मीटर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न जगहों और स्थानों से होते हुए स्वामी आत्मानंद विद्यालय पर संपन्न हुई।

इस आयोजन में अतिथि के रूप में जगदीश देशमुख, पंकज चौधरी, प्रणेश जैन, विश्वास गुप्ता, देवेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री मनीषा राणा ने युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा समाज और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के विकास और राष्ट्र निर्माण के लिए तत्पर है। अभाविप के नगर मंत्री प्रीति सोनकर ने अपने संबोधन में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद किसी भी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर विद्यार्थियों को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने का कार्य करता है। साथ ही युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा विद्यार्थियों को पढ़ाई के ▶▶| शेष पेज 15 पर




### चरित्र संदेह में पति ने पत्नी को पीटा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चरित्र पर संदेह को लेकर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। इस मामले में पत्नी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने पति पुनाराम दर्रो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

आमापारा बालोद निपानी गोमती धनकर ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व जमही निवासी पुनाराम दर्रो थाना दल्ली राजहरा ने प्रेम प्रसंग के बीच मुझे पत्नी बनाकर रखा है। वहीं, 19 जनवरी को मेरा पति पुनाराम दर्रो छुट्टी लेकर घर आया है। उसके बाद से मेरे चरित्र पर संदेह व्यक्त करते हुए 22 जनवरी तक गालीगलौज करते हुए मापरपीट की है।

# खलारी के ग्रामीणों ने लिया चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ प्रशासन पर लगाया मांगों की अनदेखी का आरोप

विकासखंड गुण्डरदेही अंतर्गत ग्राम खलारी के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। खलारी के ग्रामीण कोतवाल नियुक्ति एवं आबादी पट्टा निरस्त करने की मांग को लेकर न्यायालयीन लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं, ग्रामीण मामलों में प्रशासनिक कार्यशैली से नाराज हैं। ग्रामीणों ने आवेदनों का निराकरण नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत खलारी द्वारा बाहरी व्यक्तियों को आबादी पट्टा वितरण किया गया है। वहीं, ग्राम में कोटवार नियुक्ति को लेकर ग्रामीण लगातार प्रशासन को आवेदन दे रहे हैं। दोनों ही मामलों में ग्राम सभा में ग्रामीणों ने प्रस्ताव किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा ग्राम सभा के प्रस्ताव को ▶▶| शेष पेज 15 पर



**श्रद्धालुओं ने किया स्वागत, लिया दर्शन लाभ**

# करहीभदर सहित कई गांवों में पहुंचा अखंड ज्योति कलशयात्रा रथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अखिल विश्व गायत्री परिवार मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता भगवती देवी शर्मा एवं 1926 में प्रज्वालित अखंड ज्योति की शताब्दी वर्ष पर अखंड ज्योति कलशयात्रा रथ भ्रमण करते हुए ग्राम करहीभदर, सांकरा, बरही, मटिया, हथौद, बी.जामगांव, चिरईगोड़ी, जमरुवा पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति का भव्य स्वागत किया गया एवं दर्शन लाभ लिया।

इसके साथ ही सायंकालीन दीपयज्ञ का कार्यक्रम लिमोरा में हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अपने घरों से दीपक लेकर आयोजन स्थल में नवयुग आगमन के लिए आरती की। दीपयज्ञ का संचालन करते हुए गायत्री परिवार प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय परिवर्तन का है। अनाचार, पापाचार का अंत होने जा रही है और नवयुग सतयुग का आगमन हो रहा है। इस समय प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है, कि अपने जीवनचर्या में भगवान की उपासना को प्रतिदिन शामिल करें। अपने आप को एक साधक की तरह साधनामय व्यक्तित्व को बनाना चाहिए, तभी हम परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सेवा आराधना कर सकते हैं। सबकी सद्बुद्धि और सबके उज्वल भविष्य के लिए गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दी गई एवं पूर्णाहुति में बुराइयों को छोड़ने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में विशेष रूप में उपस्थित जिला सहसमन्वयक दशरथ कलिहारी ने गायत्री परिवार द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेकों प्रकार के रचनात्मक कार्यों का जानकारी देते हुए कहा कि हम नशामुक्त समाज का निर्माण करें, गौमाता को राष्ट्रमाता के रूप में सेवा करें, गौ आधारित कृषि कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए, नारी शक्ति आने वाला समय में बहुत ही श्रेष्ठ कार्य का मार्गदर्शन करने जा रही है। ब्लॉक समन्वयक लोचनराम साहू, गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्टी टीआर साहू, दिलीप कुमार पटेल, बलवंत गुप्ता, गिरधारी विश्वकर्मा, इंद्रजीत साहू, गोविंद राम, अनिश कुमार, शांति साहू, नारायण साहू, मुकेश कुमार एवं अधिक संख्या में ग्रामीण जन शामिल हुए।





एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


सभी जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
भारत के गणतंत्र का, सारे जग में मान,
दशकों से खिल रही, उसकी अद्भुत शान,
सब धर्मों को देकर मान रचा गया इतिहास का,
इसलिए हर देशवासी को इसमें है विश्वास।
जल बचाए अपना जीवन बचाये
जल की हर बूंद है अनमोल, समझो इसका मोल
पियें हमेशा शुद्ध जल, रहो स्वस्थ हर पल।।
पर्यावरण का रखे ध्यान, तभी देश बनेगा महान।
प्रकृति का न करे हरण, आओ बचाये पर्यावरण।।
विनीत
जनपद पंचायत परिवार गुरुर
जिला-बालोद


Happy
Republic day
B.Sc. Nursing (4 Years Course)
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
MARUTI INSTITUTE OF NURSING
VILL- DANITOLA. DISTT- BALOD (C.G.)
CONTACT- 9300752200, 9229820000



हर एक दिल में हिंदुस्तान है, राष्ट्र के लिए मान-सम्मान, भारत मां के बेटे हैं हम इस मिट्टी पर हम सब को अभिमान है।
श्री शिव महापुराण कथा
दिनांक 25 फरवरी, मंगलवार से 01 मार्च 2025 शनिवार तक
ग्राम धोबनपुरी (भरदा) जिला-बालोद (छ.ग.)
समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
संतोष कुमार साहू
ग्राम- धोबनपुरी
पायल साहू
ग्राम- धोबनपुरी


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
ऐ मेरे वतन के लोगों,
तुम खूब लगा लो नारा,
ये शुभ दिन है हम सब का,
लहरा लो तिरंगा प्यारा,
पर मत भूलो सीमा पर,
वीरों ने है प्राण गँवाए,
कुछ याद उन्हें भी कर लो,
जो लौट के घर न आये...
विनीत
एक शुभचिंतक


समस्त जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई...
शुभकामनाएं...
कुछ नशा तिरंगे की आन का है
कुछ नशा मातृभूमि की शान का है
हम लहराएंगे हर जगह ये तिरंगा
नशा ये हिंदुस्तान की शान का है।
INDIA
विनीत-एक शुभचिंतक


शहर के मध्य में आवास योजना
जलतरंग विला
आधुनिक वास्तुकला
देसी ट्विस्ट के साथ
रो-हाउस एवं
स्वतंत्र बंगलो एवं प्लाट
TOWN APPROVED & COUNTRY
RERA REGISTERED
Jaltarang Villa's
PCGRERA16082300165
बालोद शहर के मध्य में पहली बार कालोनी एक्ट एवं रेरा रजिस्टर्ड
सर्वसुविधा युक्त मकानों की श्रृंखला
बस स्टैण्ड 0.3 km
Gov. हास्पिटल 0.3 km
Gov. कॉलेज 0.3 km
CBSE स्कूल 1 km
कोर्ट एवं पालिका 0.3 km
वाटर पार्क एवं रिसार्ट 4 km
2 BHK
3 BHK
4 BHK
सभी बैंकों से फायनेंस की सुविधा।
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
साईट का लोकेशन :-
सुविधाएं
18 Meter Wide Road
Parking
Security Guard
Underground Sewage/Drainage
Play Area For kids
Garden
Street Light
कुंदरूपारा, नहर से लगा हुआ
सेम्पल मकान विजिट एवं बुकिंग हेतु संपर्क - कालोनाईजर घनश्याम टुवानी
Contact: 98212 98112, 95891 94002
सिद्धी विनायक होम मेकर्स बालोद


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
खेमलाल देवांगन


प्रियदर्शनी पब्लिक स्कूल, अर्जुन्दा
नर्सरी से 12 वीं तक अंग्रेजी माध्यम स्कूल
की ओर से आप सभी को
26 January
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
संचालक
गेंदलाल सिन्हा


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ओमप्रकाश टुवानी
ब्यूरो चीफ, जिला - बालौद


सेवा सहकारी समिति मर्या. चंदन बिरही पं. क्र. 211
गणतंत्र दिवस
की प्रदेश की जनता को
बधाई शुभकामनाएं...
दुष्यंत कुमार देशमुख
शांखा प्रबंधक अर्जुन्दा
उत्तम साहू
प्राधिकृत अधिकारी
कर्मचारीगण
भरत कुमार
खिलेश्वर कुमार
गजेन्द्र देशमुख
समिति प्रबंधक
खिरेन्द्र कुमार
कम्प्यूटर ऑपरेटर


सेवा सहकारी समिति मर्या. भिलाई, चीचा, गोरकापार,
तिलखैरी पं. क्रं. 213 की ओर से
गणतंत्र दिवस की बधाई शुभकामनाएं......
दुष्यंत कुमार देशमुख
शांखा प्रबंधक अर्जुन्दा
ओंकार सिन्हा
प्राधिकृत अधिकारी
सेवा सह. समि. भिलाई
कर्मचारीगण
डामन साहू
राजेश सिन्हा
हुकुमचंद साहू
सहायक प्रबंधक
आशिष देवांगन
कम्प्यूटर ऑपरेटर
सुदामा राम सिवना
समिति प्रबंधक
सेवा सह. समि. भिलाई


सेवा सहकारी समिति ओड़ारसकरी पं.क्रं. 2045
एवं समिति का क्षेत्र सिकोला, सलौनी, देवगहन
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल सोनी
अध्यक्ष, प्राधिकृत
दुष्यंत कुमार देशमुख
शांखा प्रबंधक अर्जुन्दा
खेमराज सिन्हा
सहायक प्रबंधक
ललित ठाकुर
लिपिक
गिरधारी सिन्हा
विक्रेता
बुधरू ठाकुर
दैनिक कर्मचारी
सेवंत भूआर्य
कम्प्यूटर ऑपरेटर
पवन ठाकुर
चौकीदार


मोहदीपाट इण्डेन ग्रामीण वितरक
सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगाएं हम, पेड़-पौधे है मानव के लिए वरदान,
मत करो इनका अपमान, पशु-पक्षी हैं धरती की शान, पेड़ है पर्यावरण की जान
शुद्ध पर्यावरण-स्वस्थ्य जीवन
Indane
Indane
स्वच्छ ईंधन, स्वस्थ जीवन
गैस जलाये, वृक्ष बचाये।।
26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY


" जन-गण-मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
गविन्द्र साहू
सामाजिक कार्यकर्ता, देवरी
श्रीमती उमा देवी साहू


सेवा सहकारी समिति मर्या. खप्परवाड़ा-पं.क्रं. 2515
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
धनेश चंद्राकर
अध्यक्ष प्राधिकृत
चंद्रप्रकाश देशमुख
समिति प्रबंधक
हरिराम देशमुख
सहायक प्रबंधक
देवानंद देवांगन (क.ऑ.) लालचंद साहू (लिपिक)
भारत माता तेरा आंचल
हरा भरा धानी धानी
मीठा मीठा चम-चम करता
तेरी नदियों का पानी।।


सेवा सहकारी समिति मर्या. गुरेदा-पं.क्रं. 220
एवं किसान बंधुओं की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई...
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
कमलेश पांडे
प्राधिकृत अध्यक्ष
रोहित कुमार
समिति प्रबंधक
खिलेश्वर चंद्राकर
लिपिक व कम्प्यूटर ऑपरेटर
रामचंद्र देवांगन
अतिरिक्त कर्मचारी
रोशन लाल साहू
भृत्य-ग्राम गुरेदा, नर्मदा, डंगनिया
एक दीपक उनके भी नाम का
रख लो पूजा की थाली में,
जिनकी सांसे थम गई है,
भारत मां की रखवाली में।


सेवा सहकारी समिति परसदा, पं.क्रं. 290 (डगनियां)
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संतराम साहू
समिति प्रबंधक परसदा
कुलदीप साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
चंद्रकिरण साहू (कम्प्यूटर ऑपरेटर), भारत यादव (सेल्समेन), जगदेव साहू (कर्मचारी), नारद साहू (कर्मचारी)


सेवा सहकारी समिति गोरकापार जिला - बालोद, पं.क्रं. 141
की ओर से
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
तुलेश्वर चंद्राकर
प्राधिकृत अध्यक्ष
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
नितिन कुमार गौतम
समिति प्रबंधक
बी.आर. चंद्राकर
सहा.समिति प्रबंधक
लक्ष्मीनारायण चंद्राकर
मिथलेश चंद्राकर
तोरण लाल चंद्राकर
योगेन्द्र कुमार तारम


सेवा सहकारी समिति सिर्री, पं.क्रं. 238
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
रोमलाल यादव
सहा. प्रबंधक
राजेन्द्र चन्द्राकर
प्राधिकृत अध्यक्ष
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद


सेवा सहकारी समिति राहुद, पं.क्रं. 209
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
राजेन्द्र यादव
ब्रांच मैनेजर, ओटेबंद
चेतन साहू
प्राधिकृत अध्यक्ष
कुन्दन साहू
सहायक प्रबंधक


ओम गोलछा परिवार डौण्डी
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
26 JANUARY
''सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी ये गुलिस्तां हमारा''
26TH JANUARY
INDIA
REPUBLIC DAY
हरिभूमि खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
ओम गोलछा 9827804111, अनिल सुथार 9755034021


समस्त अंचलवासियों को
26TH JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
मुकेश कौड़ो
उपाध्यक्ष
भाजपा जिला युवा मोर्चा बालोद


समस्त क्षेत्रवासियों को
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत-
मिथलेश निरोटी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद


आकाश के आंचल में सितारा ही रहेगा, यह देश हमारा है हमारा ही रहेगा।
धरती की एक गुंज से आकाश हिला दो, तूफान का अंजाम किनारा ही रहेगा।
समस्त क्षेत्रवासियों को
26TH JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
रूपेश नायक
अध्यक्ष
भाजपा मण्डल डौण्डी
मनीष झा
जिला प्रतिनिधि
दिनेश अग्रवाल
वरिष्ठ भाजपा नेता
हर एक दिल में हिंदुस्तान है, राष्ट्र के लिए मान-सम्मान है
भारत मां के बेटे हैं हम, इस मिट्टी पर हम सब को अभिमान है।
चेमन देशमुख
जिला अध्यक्ष बालोद
26TH JANUARY
INDIA
REPUBLIC DAY
26
JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY
भारतीय जनता पार्टी मण्डल डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)

खबर संक्षेप

## शुक्ल भवन में आज ध्वज फहराएंगे अमितेश



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के केंद्रीय कार्यालय शुक्ल भवन बूढ़ापारा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल प्रातः 10 बजे ध्वज फहराएंगे। परिषद के महामंत्री रामअवतार देवांगन एवं प्रवक्ता नितिन कुमार झा ने परिषद के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा समस्त शुक्ल समर्थकों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। 24 फरवरी से 21 मार्च तक बजट सत्र चलेगा। सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने पिछले दिनों सबसे पहले यह खबर दी थी कि विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। उस समय विधानसभा की अधिसूचना जारी नहीं हुई थी, लेकिन शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने बजट सत्र की अधिसूचना जारी की है।

## शिवसेना से हिमांशु होंगे अम्लेश्वर नपाध्यक्ष प्रत्याशी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष मधुकर पांडेय, प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े, संतोष शुक्ला, कृष्णा यादव ,कमलाकर यादव ने बैठक में निर्णय लेते युवा नेता हिमांशु शर्मा को अम्लेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनाया है।

## उत्तराखंड में नेशनल गेम्स छत्तीसगढ़ के शूटर्स का चयन



**रायपुर।** उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेल के लिए छत्तीसगढ़ से 10 शूटर्स का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश राइफल एसोसिएशन द्वारा किया गया हैं, जिसमें सभी खिलाड़ियों का चयन लास्ट चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। ये शूटर्स उत्तराखंड के देहरादून के मैदान में अपना निशाना साधेंगे, जिसका आयोजन 28 जनवरी से शुरू हो जाएगा। खिलाड़ियों में परमपाल सिंह स्कीटमेन, कुंवर कार्तिक सिंह-50 मीटर 3पी मेन, दिव्यांशु देवांगन 10 मीटर एयर राइफल मेन, प्रान्जुश्री 10 मीटर एयर राइफल वीमेन, शेषांक मसीह 10 मीटर एयर पिस्टल मेन आदि की टीम रवाना होंगे।

# हेल्थ सेंटरों की ओपीडी में कोताही, 54 को नोटिस, अब डाक्टरों को देना होगा जीपीएस लोकेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास-खबर

प्राथमिक उपचार की सुविधा देने वाले हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के डाक्टर सहित चिकित्सकीय स्टाफ ओपीडी संचालन में कोताही बरत रहे हैं। सीएमएचओ ने व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक के प्रभारी डाक्टरों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है। दो शिफ्ट यानी सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक संचालित ओपीडी में ड्यूटी वाले डाक्टर को जीपीएस लोकेशन के साथ अटेंडेंस भेजना होगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर के समीप ही लोगों को सर्दी-बुखार जैसी समस्या के इलाज के लिए हमर क्लीनिक और बड़ी परेशानी के निदान के लिए हमर अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से चौबीस घंटे और सातों दिन इमरजेंसी सेवा देनी है और शासकीय अवकाश को छोड़कर शेष दिनों में सुबह 8 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 2 से रात्रि 8 बजे तक ओपीडी में मरीजों की जांच की जानी है। पिछले कुछ समय से शिकायत मिल रही थी कि डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ समय पर अस्पताल में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। इस पर जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गंभीरता दिखाई है और सभी हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नोटिस देकर सुधर जाने की चेतावनी दी है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि उन्हें ड्यूटी में उपस्थिति के दौरान अपने जीपीएस लोकेशन के साथ तस्वीर खींचकर शेयर करना होगा।

## व्यवस्था सुधारने 4 हमर अस्पताल और 50 हमर क्लीनिक को दी गई चेतावनी

### नए डाक्टरों की नियुक्ति

उपचार सुविधा को बेहतर बनाए रखने के लिए संचालित किए जाने वाले हमर क्लीनिक में नए चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके साथ हमर अस्पताल में चिकित्सा विशेषज्ञ सहित अन्य स्टाफ तैनात किया गया है। हमर क्लीनिक में उपचार के साथ टीकाकरण की सुविधा दी जाती है। हमर अस्पताल में विभिन्न तरह के इलाज के साथ महिलाओं को प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।



■ सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक दो शिफ्ट में किया जाना है मरीजों का इलाज

### चार स्थानों में हमर अस्पताल

रायपुर में चार स्थानों में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इनमें भाठागांव, गुढ़ियारी, राजातालाब तथा भनपुरी में हमर अस्पताल का संचालन किया जाता है। इन सभी स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में मरीजों की संख्या डेढ़ से दो सौ के बीच होती है। शासन द्वारा बनाए गए नियम के मुताबिक तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में सुबह आठ से रात्रि आठ बजे तक ओपीडी का संचालन किया जाना है।

### लापरवाही पर कार्रवाई

तमाम हमर अस्पताल और हमर क्लीनिक में दो शिफ्ट में ओपीडी का संचालन किया जाना है। इसके लिए सबको नोटिस जारी किया गया है। नियम का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

\- **डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

## रावांभाठा में पहले मैदान का निर्माण अटका, युवाओं को 24 महीने में नहीं मिली सुविधा

# खेल मैदान विवाद में फंसा, कालम में लगे सरिया की चोरी, नहीं तय की नई एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आउटरडोर खेल मैदान की सुविधा के लिए युवाओं को अभी इंतजार करना होगा। रावांभाठा में सुविधा देने के लिए शुरू करवाया गया निर्माण विवाद में फंसा है। इस खेल मैदान को 11 महीने में आकार देना था, वह 24 महीने से फाइलों में सिमटा हुआ है। कालम तैयार करने में लगाया गया सरिया भी चोर ले गए, इससे मैदान में निर्माण का नामो-निशान नहीं बचा है।

बिरगांव निगम ने रावांभाठा वार्ड में एक एकड़ से ज्यादा एरिया में खेल मैदान बनाने के लिए जिम्मेदारों ने जिस एजेंसी को काम दिया, उसने प्रोजेक्ट 2023 में पूरा नहीं किया। इसे देखते हुए आयुक्त ने पार्षदों की आपत्ति पर एजेंसी को 2024 में ब्लैक लिस्टेड किया। इसके बाद विवाद की स्थिति को सुलझाने में समय लगने से नई एजेंसी तय करने के लिए बुलाई गई निविदा भी प्रक्रिया का हिस्सा बनी हुई है। आचार संहिता के कारण आगे की कार्यवाही भी जिम्मेदार नहीं कर पाए हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रोजेक्ट शुरू होने के बाद सालभर में सिर्फ कालम बन पाया था। काम बंद होने की स्थिति में भी फंड यथावत है। जिस एजेंसी को काम दिया जाएगा, उससे पहले बाउंड्री का निर्माण करवाया जाएगा।



### विवाद सुलझाने में लगा

पुरानी एजेंसी का मसौदा सुलझाने के लिए उसे एक बार फिर कारण बताओ नोटिस देने की प्रक्रिया चुनावी आचार संहिता के बाद करेंगे। इसके बाद नई एजेंसी तय करके काम शुरू करवाया जाएगा।

\- **यूके उर्वशा,** आयुक्त, नगर निगम, बिरगांव

### उदासीनता से अटकी सुविधा

निगम प्रशासन और महापौर की उदासीनता के कारण खेल मैदान की सुविधा तय समय में नहीं मिल पाई। जिस एजेंसी को काम दिया, उसके कार्यों की समीक्षा में कोताही के कारण युवाओं की सुविधा अटकी है।

\- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम, बिरगांव

### खेल मैदान में होगी यह सुविधा

*युवाओं को आउटडोर खेल के लिए मैदान की सुविधा देने के लिए दो साल पहले की गई कवायद के बाद निगम को सरकार से वित्तीय मंजूरी मिली। तब निगम के जिम्मेदारों ने निर्माण एजेंसी को बाउंड्री निर्माण के साथ मैदान समतल करने व दर्शकों को बैठने की सुविधा देने के लिए गैलरी बनाने की जिम्मेदारी दी गई। चेंजिंग रूम और रोशनी की सुविधा का भी प्रावधान किया। नई एजेंसी को पुराने प्रावधानों के तहत ही निर्माण की जिम्मेदारी देने की तैयारी निगम प्रशासन ने की है, लेकिन इसके लिए इंतजार करना होगा।*

### 1.10 करोड़ में बनेगा खेल मैदान

*रावांभाठा वार्ड में 30 हजार की आबादी निवास करती है। इनके बीच सुविधाओं का अभाव अरसे से बना है। इसे देखते हुए 5 वार्ड के युवाओं को सुविधा देने के लिए निगम प्रशासन ने 1.10 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू किया। एजेंसी की मनमानी और विवाद के कारण लोगों को मिलने वाली सुविधा अभी तक नहीं मिल पाई। अब नई एजेंसी तय करने के लिए निविदा मंगाने के बाद जिम्मेदार विवाद को देखते हुए नहीं खोल रहे हैं। बताया जाता है कि चुनाव के बाद पुरानी एजेंसी को फिर से कारण बताओं नोटिस जाएगा।*

# मोबाइल संग पकड़े गए परीक्षा में तो दो साल का प्रतिबंध

## अब अफवाह फैलाना भी अनुचित साधन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में मोबाइल फोन समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के इस्तेमाल पर रोक रहेगी। अगर कोई छात्र मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ पकड़ा गया, तो उसे दो साल तक परीक्षा के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। अभी ऐसे मामलों में एक साल तक परीक्षा देने पर रोक है। यही नहीं, अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों में शामिल किया गया है। सीबीएसई के अनुसार, परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपयोग करने या अपने पास रखने पर छात्र न केवल इस साल, बल्कि अगले वर्ष तक परीक्षा नहीं दे सकेंगे।

■ सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से

पिछले कई वर्षों में छात्रों की ओर से सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर गलत अफवाहें फैलाने की घटनाएं सामने आती रही हैं। ऐसे में इन्हें रोकने के लिए सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाने को भी अनुचित साधनों के नियम में शामिल किया है। सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं 15 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षा में निष्पक्षता, बेहतर निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे होंगे।

### इस माह जारी होंगे प्रवेशपत्र

सीबीएसई के 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड जल्द ही जारी कर दिए जाएंगे। बोर्ड की ओर से 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के एडमिट कार्ड को **cbse.gov.in** पर जारी किया जाएगा। इसके बाद स्कूलों के प्रमुख इस एडमिट कार्ड को छात्रों के क्रेडेंशियल्स का इस्तेमाल कर के आधिकारिक वेब पोर्टल से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि रेगुलर छात्रों को 10वीं और 12वीं कक्षा परीक्षा का एडमिट कार्ड प्रिंसिपल द्वारा साइन होने के बाद स्कूल से प्राप्त करना होगा। वहीं, प्राइवेट छात्र सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के एडमिट कार्ड को बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट **cbse.gov.in** से डाउनलोड कर सकेंगे। बता दें कि एडमिट कार्ड में छात्र का नाम, रोल नंबर, परीक्षा केंद्र का पता, परीक्षा की तारीख और समय जैसी सभी जरूरी जानकारी दी जाएगी।

# पिछले साल की धान खरीदी का टूटा रिकार्ड आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक के धान खरीदी में पिछले साल का रिकार्ड टूट गया है। पिछले वर्ष 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। इस वर्ष आज दिनांक तक हुई धान खरीदी का आंकड़ा 145 लाख मीट्रिक टन से पार हो गया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 25 लाख 13 हजार किसान धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत अभी तक किसानों को 29 हजार 599 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मीलिंग के लिए तेजी के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अभी तक 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी कर दिया गया है। जिसके विरूद्ध 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। प्रदेश के समस्त पंजीकृत कृषकों को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान विक्रय हेतु टोकन की सुविधा ऑनलाईन एप्प (टोकन तुंहर हांथ) एवं उपार्जन केन्द्रों में 25 जनवरी 2025 तक के लिए उपलब्ध कराया गया है। किसान सुविधा अनुसार तिथि का चयन कर नियमानुसार धान विक्रय कर सकते हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ वर्ष के लिए 27.78 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.59 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य की तहत 24 जनवरी को 30 हजार 762 किसानों से 1.41 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके लिए 58 हजार 997 टोकन जारी किए गए थे।

■ 25 लाख से अधिक किसानों ने बेचा धान, अभी तक 29 हजार 599 करोड़ रूपए का भुगतान

■ कुल खरीदी का 110 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी

■ 87 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान का हो चुका है उठाव



# रेस्क्यू बाघ के मवेशीखोर होने से प्रबंधन पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने संघर्षरत वन विभाग के प्रयासों को बड़ा झटका लगा है। एटीआर में आपसी संघर्ष में एकेटी-13 नामक बाघिन की मौत हो गई है। प्रकृतिक आवास को लेकर बाघों के बीच संघर्ष होने की बात सामने आई है। बाघिन की मौत की घटना की जानकारी वन अफसरों की टीम को दो दिन बाद शुक्रवार को मिली। इसके साथ ही चिरमिरी से रेस्क्यू कर लाया बाघ मवेशीखोर हो गया है। इसके चलते बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वन विभाग के लिए राहत की बात यह है कि रेस्क्यू बाघ वर्तमान में मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। अचानकमार में बाघिन की लाश लमनी क्षेत्र के चिरहट्टा के पास मिली है। घटना के बाद वन अफसरों की उदासीनता भी सामने आई। जानकारी होने के बावजूद, अधिकारी दोपहर बाद ही घटनास्थल पर पहुंचे, जो वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी गंभीरता पर सवाल उठाता है। जिस बाघिन की मौत हुई है। बताया जा रहा है, उक्त बाघिन लमनी क्षेत्र के आस-पास विचरण करती है। अचानकमार में पिछले एक साल में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। वर्तमान में एटीआर में बाघों की संख्या 10 हो गई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए वन अफसरों को विशेष सतर्कता बरतने के साथ मैनेजमेंट में और सुधार करने की जरूरत है।



## पेज 9 के शेष...

### लोकतंत्र को सशक्त...

निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में महती भागीदारी सुनिश्चित करे। चन्द्रवाल ने निर्वाचन के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में शासन–प्रशासन के लोगों के अलावा आम जनता की भागीदारी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सभी के समवेत प्रयासों से ही निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो पाता है। उन्होंने जिले में मतदान के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पिछले लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान किए गए नवाचारों के संबंध में भी प्रकाश डाला। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री नवरत्न ने कहा कि जिले के पिंक मतदान केन्द्रों में शतप्रतिशत महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। कलेक्टर ने कहा कि बालोद जिले में महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं की तुलना में अधिक है। इसलिए आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय आम निर्वाचन के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए महिला मतदाताओं की समुचित भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### अभाविप ने निकाली...

साथ–साथ रचनात्मक कार्यों में भी भागीदारी करनी चाहिए। स्वामी विवेकानंद के आदर्श वाक्य उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर पूर्व नगर मंत्री अभाविप नगर ईकाई अर्जुन्दा यशवंत कुमार टंडन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेणुका कांशी, ममता साहू, रेशमी कुर्रे, रागिनी साहू, सुदर्शन साहू, शुभम् देशमुख, राजेन्द्र पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपेश साहू, आकाश ठाकुर, करण देवांगन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### खलारी के ग्रामीणों...

महत्व नहीं दिया जा रहा है और दोनों मामले को बेवजह लंबा खींचा जा रहा है। बता दें कि मामलों के निराकरण की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने 21 अक्टूबर को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया था। इसके साथ ही तहसीलदार, अपर कलेक्टर, कलेक्टर कमिश्नर पुलिस मुख्यालय को जानकारी देकर, मामले के निराकरण की मांग की थी। उसके बावजूद मामले का निराकरण नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने निर्वाचन अधिकारी बालोद को 10 जनवरी को चुनाव बहिष्कार के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उसके बाद भी इस विषय में प्रशासन द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाने से ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 का चुनाव बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया है।

## एमसीएच छात्र शुल्क दे रहे हर महीने पांच हजार

# हॉस्टल बना डीके अस्पताल का वीआईपी वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डीके अस्पताल के तीन विभागों में संचालित एमसीएच (सुपर स्पेशलिटी) कोर्स के छात्रों के लिए स्थायी आवास की व्यवस्था नहीं हो पाई है। अध्ययन अवधि के दौरान उन्हें अस्पताल के वीआईपी वार्ड में ठहराया जाता है जिसका शुल्क हर महीने पांच हजार रुपए हैं। शासन द्वारा इन छात्रों के लिए हास्टल बनाने की घोषणा हो चुकी है मगर बजट के अभाव में अब तक काम शुरू नहीं हो पाया है। मेडिकल कालेजों में संचालित होने वाले पीजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों से आवास शुल्क के रूप में पांच हजार रुपए लिया जाता है। एमसीएच-डीएम विशेषज्ञों का अलग से कैडर नहीं होने की वजह उन्हें सुपरस्पेशलिटी कोर्स होने के बाद भी उन्हें पीजी छात्रों की तरह स्टाइपेंड का भुगतान किया जाता है। डीके अस्पताल में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करने के साथ मरीजों का उपचार करने वाले डाक्टरों में इसे लेकर नाराजगी उभरने लगी है। पिछले दिनों छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह के नेतृत्व में इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। उन्हें छात्रवृति पीजी के बराबर मिलती है मगर हास्टल फीस के नाम पर हर महीने आठ से नौ गुना अधिक राशि वसूली जाती है। यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में डीएम और एमीसीएच के डाक्टरों को स्टाइपेंड काफी कम मिलता है। डीके अस्पताल के एमसीएच छात्रों के लिए हास्टल सहित अन्य निर्माण के लिए करीब 16 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी गई थी। बजट के अभाव में इसका काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है।

■ हास्टल बनाने की हो चुकी घोषणा, बजट के अभाव अब तक शुरू नहीं हो पाया काम

### तीन विषयों में एमसीएच

*वर्तमान में डीके अस्पताल में न्यूरो सर्जरी विभाग में 2, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में 1 तथा पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग में तीन सीटों पर एमसीएच का कोर्स संचालित किया जाता है। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के हिसाब वहां 18 डाक्टर एमसीएच की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं। अलग से हास्टल नहीं होने की वजह से उन्हें बनाए गए वीआईपी वार्ड में ही ठहराया जाता है।*

### अध्ययन अवकाश का मसला भी

*स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात के दौरान वहां नियमित चिकित्सा अधिकारियों को पीजी की पढ़ाई के लिए सवैतनिक अध्ययन अवकाश दिए जाने का मामला भी उठा। वर्तमान में उन्हें दो साल का अध्ययन अवकाश दिया जाता है जबकि पीजी की पढ़ाई तीन साल की होती है। दोनों मामलों में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन स्वास्थ्य मंत्री ने दिया है।*

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नशे की दवा के साथ आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी चिराग जैन ने बताया कि ग्राम महमरा के पास युवक एक्टिवा में सवार होकर नशे की दवा बेचने की जानकारी मिली थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक युवक को पकड़ा पूछताछ करने पर उसने वार्ड 12 चिखली राजनांदगांव निवासी अंकित सिंह राजपुत नाम बताया है। युवक के पास से पुलिस ने 7200 नशे की दवा एल्फाजोलम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 17 हजार 828 रुपए का आंकी गई है। साथ ही एक्टिवा, मोबाइल भी बरामद किया है। घटना अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र का है। कार्रवाई में डीएसपी क्राइम हेमप्रकाश नायक समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### नि:शुल्क कैंसर जाँच और परामर्श शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र एवं बालको मेडिकल सेंटर, नवा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में नि:शुल्क कैंसर जाँच एवं परामर्ष शिविर क्लब हाउस, बी ब्लॉक, तालपुरी ट्विनसिटी इंटरनेषनल कॉलोनी में हुआ। शिविर में कैंसर रोग विषेषज्ञ डां. अजीत अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एम एंड एचएस) डां. विनीता द्विवेदी, महाप्रबंधक (सीएसआर) शिववराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े तथा मेडिकल स्टाफ उपस्थित थे। इस एकदिवसीय षिविर में थर्मल स्क्रीनिंग, पेप टेस्ट (स्त्री कैंसर रोग संबंधी परीक्षण), मैमोग्राफी टेस्ट, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रष साइटोलॉजी) आदि तकनीकों द्वारा कैंसर की प्रारंभिक जांच की गई। सीएमओ डां. विनीता द्विवेदी ने किया।

### कर्मियों को सुरक्षा के लिए किया जागरुक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल व आरटीएस विभाग में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह लांग रेल परिसर में कार्यपालक निदेशग राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।सुरक्षा स्टॉल, पोस्टर, सुरक्षा से संबंधित गीत, कविता तथा नाटक का आयोजन किया गया। मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएसए टी दस्तीदार, महाप्रबंधक जे तुलसीदासन तथा महाप्रबंधक आरके राजधर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने सुरक्षा स्टॉल तथा पोस्टरों का अवलोकन किया। कहा कि सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है ।

## निधन

### मंजन सिंह साहू



**गुरूर।** ग्राम चूल्हापथरा निवासी मंजन सिंह साहू का 24 को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे मिथला बाई के पति, रोशन लाल के पिता, मोजीराम, रामाधार साहू व खेमलाल साहू के बड़े भाई थे।

**आस्था : आमापारा बगीचा में चंडी महायज्ञ में आचार्य कमल किशोर ने बताया यज्ञ का महत्व**

# यज्ञ में दी हुई आहुति से देवता पुष्ट होते हैं यज्ञकर्ताओं को उनकी कृपा प्राप्त होती है







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सनातन धर्म में वैसे यज्ञ का महत्वपूर्ण योगदान है, यज्ञ में दी हुई सामग्री से देवताओं की पुष्टि एवं वृद्धि होती हैं, यज्ञकर्ता तथा उसमें भाग लेने वालों को देवताओं की कृपा प्राप्त होती है। दल्ली रोड आमापारा बगीचा में आयोजित चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आचार्य कमल किशोर शास्त्री ने कही। आयोजन में वाराणसी से पहुंचे आचार्य कमल किशोर शास्त्री एवं 11 सहयोगी पंडितों द्वारा नित्य सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक यज्ञ हवन, पूजा, आरती का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसका श्रद्धालु भक्त लाभ उठा रहे हैं। श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस की कथा में पंडित राजेश तिवारी द्वारा गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए अजामिल, वृतासुर का वध एवं नरसिंह अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि मनुष्य का जन्म जीवन में दो बार होता है पहले माता–पिता के द्वारा और दूसरा जब गुरु से मंत्र दीक्षा प्राप्त करते हैं, तब जीवन का उद्देश्य ही बदल जाता है। गुरु के बिना जीवन अपूर्ण है, भागवत कथा की एक घटना का वर्णन करते हुए कहा एक बार देवलोक में देवताओं के अपमान के कारण गुरु बृहस्पति ने देवलोक का त्याग कर दिया। बिना गुरु के उनका कार्य सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहा था, तब उन्होंने विचार विमर्श कर त्वष्ठा ऋषि के पुत्र विश्वरूप को गुरु की पदवी प्रदान की। विश्वरूप देवताओं के साथ–साथ राक्षसों के लिए भी कार्य करते थे। इंद्र ने उनकी हत्या कर दी। ब्रह्म हत्या का पाप के निवारण हेतु उसे चार भागों में भूमि, जल, वृक्ष और महिलाओं में वितरित कर दिया, दोष होने के कारण इनका उपयोग जीवन में हम नहीं करते, विश्वरूप की हत्या होने के पश्चात त्वष्ठा ऋषि ने संतान प्राप्त हेतु यज्ञ कर वृतासुर को उत्पन्न किया। वृतासुर के आतंक से देवता विचलित हो गए, तब उन्होंने ब्रह्मा की आज्ञा से दधीचि ऋषि की हड्डी से बज्र अस्त्र का निर्माण किया। दधीचि ने देवताओं द्वारा हड्डी मांगने पर सहर्ष स्वीकार कर देवताओं को अपनी हड्डी का दान कर दिया। इससे मानव को सीख लेना चाहिए कि हमारा जीवन केवल दूसरों की सहायता करने के लिए ही बना है। विश्वकर्मा द्वारा हड्डी से तीन अस्त्रों का निर्माण किया गया, जिसमें बज्र अस्त्र से इंद्र ने वृतासुर का अंत किया। मनुष्य का जीवन दूसरों के हित और सेवा के लिए है यह इस बात से सिद्ध होता है।

### संसारी मनुष्य को भजन-पूजन करते रहना चाहिए

अजामिल की कथा बताते हुए व्यास पीठ ने कहा कि हमें कैसे देखना है और किसे देखना है यह ध्यान रखना चाहिए। हम सभी संसारी व्यक्तियों को नित्य प्रभु की कृपा पाने के लिए भजन, पूजन, जप, तप करते रहना चाहिए। गीता में भगवान कृष्ण ने कहा कि अंत मति, सो गति, अतः जीवन में अच्छे कार्य करना ही चाहिए। कथा की अंतिम पड़ाव में हिरण्यकश्यप के पुत्र प्रहलाद की भक्ति और उसके विश्वास को कायम रखते हुए प्रभु ने नरसिंह अवतार धारण कर हिरण्यकश्यप का संघार किया।

## नगर पंचायत गुरूर में मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जागो वोटर जागो कार्यक्रम अंतर्गत नगर पंचायत गुरूर परिसर में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नए मतदाताओं का स्वागत भी किया गया।

रिटर्निंग ऑफिसर ने उपस्थित नये वोटर को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग जाति समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर एवं पुलिस बल, तहसील कार्यालय, कृषि विभाग, सिंचाई विभाग, चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग जैसे समस्त विभागों के ऑफिस स्टाफ, स्कूल एवं महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं, महिला स्व सहायता समूह, नगर पंचायत गुरूर के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### कन्हारपुरी में श्री पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम 29 को

**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी में श्री पंचमुखी हनुमान जी की मूर्ति स्थापना 29 जनवरी को श्री दक्षिणेश्वर पंचमुखी दाई के दुलार महावीर हनुमान मंदिर में की जाएगी।

इसके तहत 27 जनवरी को अनाधिवास का आयोजन किया जाएगा। 28 जनवरी को जलाधिवास, पुष्पाधिवास का आयोजन किया जाएगा। 29 जनवरी को सुबह 8 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो ग्राम के गली भ्रमण कर मंदिर प्रांगण पहुंचेगी। 11 बजे से मूर्ति स्थापना, हवन पूजन किया जाएगा। 1 बजे से श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमे श्री राम भक्त मानस मंडली कन्हारपुरी, मानस गोष्ठी परिवार गुजरा की प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर मंदिर निर्माण सहयोगियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पंडित मृत्युंजय महराज, पंडित हेमंत प्रसाद दुबे, पंडित गैंदलाल दुबे, पंडित चेतन दुलार, रामकुमार यादव, समुंद बाई यादव, ग्राम विकास समिति कन्हारपुरी, भोले पूजा सामग्री मंडार गुरूर, दाई के दुार मानस व रामधुनी मंडली कन्हारपुरी, दास श्री बंटी गोपाल कुंभज, श्री शंकर गौरी गोपाल आश्रम कन्हारपुरी व ग्रामीणों का सहयोग रहेगा।

## दल्लीराजहरा में मताधिकार का प्रयोग करने की दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम के तहत 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में जागो वोटर जागो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत कार्यालय अपर कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पालिका दल्ली राजहरा में मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर दीपक चंद्राकर ने उपस्थित मतदाताओं को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा किसी अन्य प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र वारडेकर, मास्टर ट्रेनर वीके देशमुख, राजस्व निरीक्षक रोहित शर्मा, राजस्व विभाग के पटवारी, वकील, और नगर पालिका के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत चिखलाकसा में दिलाई गई मतदान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

रिटर्निंग ऑफिसर, नगर पंचायत चिखलाकसा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर हेमंत कुमार पैकरा ने कार्यालय के सभाकक्ष में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। रिटर्निंग ऑफिसर ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अश्वनी गावड़े, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद नाथ योगी, मास्टर ट्रेनर आरके देवांगन सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गार्ड पर चढ़ाई कार, हिट एंड रन का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



कार चालक ने सुरक्षा कर्मी के ऊपर कार चढ़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। यह पूरा मामला हिट एंड रन से जुड़ है। आरोपी चालक के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि गुरुवार देर रात चौहान ग्रीन वेली ब्लाक बी 6 जुनवानी निवासी दीपक आसटकर मे शिकायत किया था कि रात 1:45 बजे चौहान ग्रीन वेली मेन गेट जुनवानी में कार सीजी 07 बीजे 8877 के चालक सचिन सिंह तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए गेट में जबरन घूसा दिया। इस दौरान चालक ने तैनात गार्ड गनपत साहू ने गेट पर रोकने का प्रयास किया मगर सचिन सिह राजपूत चिल्लाते हुए गार्ड को ही कार से उडा दिया। घटना में गनपत को सिर समेत शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। सीएसपी तिवारी ने बताया कि सप्ताह भर पूर्व भी आरोपी चालक सचिन सिंह राजपूत को रोककर गार्ड गनपत साहू ने स्वयं का नाम, गाड़ी का नंबर रजिस्टर में एंट्री कराने के लिए बोला था। जिस पर सचिन सिंह राजपुत गार्ड के साथ विवाद कर दोबारा वाहन को रोकने पर उसे खत्म करने की धमकी दी थी। उसी रात की यह घटना भी है। चौहान ग्रीन वेली का गार्ड गनपत साहू गेट को खोलने के लिये गेट के पीछे खडा था तभी उक्त कार चालक सचिन सिंह राजपूत जान से मारने की नियत से गार्ड के साथ जानबूझकर घटना किया। कार को सचिन ने जबरन गेट के सामने जोरदार ठोक दिया। घटना में गनपत साहू के छाती में चोट लगी। उसके दोनों पैर गेट में फंस गया और कार चालक ने गार्ड को गेट समेत कार में खसीटते हुए दीवार से टकराकर गेट में दबा दिया था।

### चालक को चंद घंटे में पुलिस ने पकड़ा

सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शिकायत के तुरंत बाद कार के नंबर ट्रेस कर चालक के बारे में पतासाजी करने में जुट गई। सुपेला प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, चौकी प्रभारी गुरविंदर सिंह संधू ने टीम बनाकर चालक का खोजबीन किया। तुरंत उसके बारे में जानकारी जुटाने के बाद आरोपी चालक सचिन सिंह राजपुत चौहान ग्रीनवैली में छिपा बैठा था उसे पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी सचिन ने घटना को करना स्वीकार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पेश कर ज्युडिशियल पर भेजा गया है।

## शासकीय विद्यालय टटेंगा में मना राष्ट्रीय मतदाता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस मनाया गया। आरके देवांगन ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जनता की भागीदारी को बढ़ाना और जनतंत्र को मजबूत करना है। प्रतिवर्ष हम लोग 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाते हैं। जिसे 2011 से प्रारंभ किया गया था। सभी मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता अजय पाठक ने कहा कि चुनाव में हमें शत प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने सभी को शपथ ग्रहण कराया। कार्यक्रम में व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू एवं सभी छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## ई-रिक्शा चालकों ने चेन लूटी खरीदार समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



**मोहन नगर थाना क्षेत्र की है घटना**

लूट की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी समेत खरीदार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 398 बैंक कालोनी बचेली दंतेवाडा निवासी संतोष कुमार का एम्स अस्पताल रायपुर में हिप्स का आपरेशन हुआ है। प्रतिमाह चेकअप कराने आता है। 20 जनवरी को अपने दोस्त दिनेश यादव से मिलने हुडको भिलाई पहुंचा था। रात में होटल सूर्या दुर्ग में रूका था। दूसरे दिन सुबह होटल से चेक आउट कर दूसरे होटल जाने के लिए रोड में आया। जहां ई रिक्शा में सवार दो युवक पुछताछ करने पर उनसे सस्ता होटल के बारे में पीड़ित ने जानकारी ली। दोनों युवकों ने ई रिक्शा में सवार कर पीड़ित को होटल दिखाया लेकिन पसंद नहीं आया। तो युवकों से पीड़ित वापस सूर्या होटल ड्राप करने बोला गया। तब उसे ई रिक्सा के चालक द्वारा कृषि उपज मंडी मे भीतर लेकर जा रहे थे, संदेह होने पर पीड़ित रिक्शा से कूद गया। ई रिक्शा के चालक ने वाहन पीड़ित पर चढ़ाने का डर दिखाकर गले का सोने का चेन 3 4 तोला लूट लिया। जिसकी कीमत दो लाख रूपये और वाहन को धीरे कर ट्राली बैग कपडे थे। उसे भी झपट्टा मारकर लुट कर दोनों आरोपी युवक फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु किया। मोहन नगर निरीक्षक शिव चंद्रा के नेतृत्व में टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। पुलिस ने दबिश देकर ब्लाक नंबर 53 बाम्बे आवास उरला वार्ड नंबर 58 दुर्ग निवासी रेशम सरदार व उरला हिरामन गोड उर्फ बाटू देवार को पकडा गया। आरोपी रेशम सरदार, बाडू देवार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने लुट की सोने की चैन को राम नगर सिकोला भाठा वार्ड नंबर 14 दुर्ग निवासी बलजीत सिंह के पास बेचना स्वीकार किया। आरोपी रेशम सरदार, बाडू देवार की निशादेही पर सोने की चैन को जप्त किया गया। पत्रकारवार्ता में क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक समेत पुलिस अफसर मौजूद थे।

